बिहार विधान परिषद् सचिवालय

आवश्यक सूचना

विज्ञापन सं.-02/2019, 03/2019, 04/2019 11.10.2019

[सहायक, सहायक (उर्दू प्रकाशन), अनुवादक (अंग्रेजी/हिन्दी), सहायक अवधायक, निम्नवर्गीय लिपिक के पदों पर सीधी भर्ती हेतु]

प्रारंभिक परीक्षा का कार्यक्रम

1. बिहार विधान परिषद् सचिवालय के अन्तर्गत अलग-अलग संवर्ग में सहायक, सहायक (उर्दू प्रकाशन), अनुवादक (अंग्रेजी/हिन्दी), सहायक अवधायक, निम्नवर्गीय लिपिक के पदों पर सीधी भर्ती हेतु प्रथम चरण की कम्प्यूटर आधारित बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रारंभिक परीक्षा (Computer Based Test) दिनांक 18.10.2019 से दिनांक 21.10.2019 तक अलग-अलग बैच में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर होगी।
2. प्रारंभिक परीक्षा का प्रवेश-पत्र (Admit Card) दिनांक 14.10.2019 को 06:00 बजे अप. से बिहार विधान परिषद् की वेबसाईट http://www.biharvidhanparishad.gov.in पर उपलब्ध होगा। अभ्यर्थी अपने Registration Id एवं Password के द्वारा प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

अभ्यर्थियों को डाक से (by Post) प्रवेश-पत्र निर्गत नहीं किया जाएगा।

परक्षार्थियों हेतु दिशा-निर्देश

1. एक से अधिक बैच में परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी प्रत्येक बैच की परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र की प्रति अलग से अपने पास रखेंगे। प्रत्येक बैच की परीक्षा की समाप्ति के पश्चात प्रवेश-पत्र परीक्षार्थियों से जमा करा दिया जाएगा।
2. परीक्षार्थी प्रवेश-पत्र पर अंकित सभी अनुदेशों का अध्ययन करेंगे और उसका अनुपालन करेंगे।
3. परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश-पत्र एवं पहचान-पत्र (मतदाता पहचान-पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, आधार कार्ड या ई-आधार (कलर प्रिंट) आदि के साथ उपस्थित होंगे।
4. प्रवेश-पत्र एवं पहचान-पत्र (मूल प्रति में) के बिना परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। पहचान-पत्र की छायाप्रति मान्य नहीं होगी।
5. परीक्षार्थी परीक्षा के निर्धारित समय से 90 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पहूंचेंगे। परीक्षार्थी प्रवेश-पत्र में दिए गए समय का निश्चित रूप से अनुपालन करेंगे। परीक्षा केन्द्र के गेट बंद होने की निर्धारित समय सीमा के बाद परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा अवधि की समाप्ति के उपरांत ही परीक्षार्थी कक्ष से बाहर जायेंगे।
6. परीक्षा केन्द्र में घड़ियां, पुस्तकें, कागज के टुकड़े, पत्रिकाएं, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स तथा मोबाईल फोन, ब्लूटुथ डिवाइस, हेडफोन, पेन- बटन होल कैमरा, स्कैनर, कैलकुलेटर, स्टोरेज डिवाइस, डिजिटल डायरी आदि लाना सख्त वर्जित है। यदि ऐसी कोई सामग्री परीक्षा-कक्ष में अभ्यर्थी के पास पायी जाती है तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है और उसके विरूद्ध कानूनी/आपराधिक कार्रवाई आरम्भ की जा सकती है।
7. अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर तलाशी की प्रक्रिया से गुजरना होगा।
8. परीक्षार्थी अपनी उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन में दर्ज करेंगे अन्यथा उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा।
9. परीक्षार्थियों को किसी भी परिस्थिति में वीक्षक की अनुमति प्राप्त किए बिना परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई परीक्षार्थी वीक्षक/पर्यवेक्षक की अनुमति प्राप्त किए बिना परीक्षा कक्ष से बाहर जाते हैं तो उन्हें पुन: प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा।

10. यदि किसी तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारणवश परीक्षा विलम्ब से शुरू होती है या बीच में बाधित हो जाती है तो अभ्यर्थियों को परीक्षा पदाधिकारी द्वारा दिए जाने वाले अनुदेशों का अनुसरण करना अनिवार्य होगा। उन्हें समस्या का उपयुक्त समाधान होने तक धैर्यपूर्वक प्रतिक्षा करनी पड़ सकती है।
11. यदि किसी अभ्यर्थी का प्रवेश-पत्र डाउनलोड नहीं हो रहा हो, वे अपना ऑनलाईन आवेदन की पी.डी.एफ. प्रति संलग्न कर ई-मेल आई.डी. bvphelpdesk@g,ail.com पर परीक्षा की तिथि से एक दिन पूर्व तक संपर्क कर सकते हैं।
12. किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केन्द्र बदलने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।
13. भविष्य में संदर्भ हेतु परीक्षार्थी प्रवेश-पत्र की प्रति अपने पास सुरक्षित रख लेंगे।

कोई भी सरकारी अथवा गैर सरकारी बाह्य व्यक्ति बिहार विधान परिषद् सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर आपसे सम्पर्क स्थापित कर ठगी करने का प्रयास करते हैं तो ऐसे तत्वों के संबंध में अविलंब दूरभाष संख्या- 06122215667 तथा ई- मेल: blc-bih@nic.in पर सूचित करें। ऐसे तत्वों से संलिप्तता पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ह./-
(विनोद कुमार)
कार्यकारी सचिव
बिहार विधान परिषद्

बिहार विधान परिषद्